संपादकीय

बचत और चपत

भले ही कोरोना महामारी के दौरान सरकार राजस्व के दबाव में हो, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वह आम लोगों की छोटी बचतों पर हाथ डाले। ये बचतें बुजुर्गों व सेवानिवृत्त लोगों की जीवन रेखा हैं। सरकार ने बुधवार को छोटी बचत योजनाओं के ब्याज पर बड़ी कटौती की घोषणा की, लेकिन लोगों के गुस्से के बाद गुरुवार को घोषणा को वापस ले लिया। लोगों ने राहत की सांस तो ली है लेकिन आशंका बनी है कि सरकार की मंशा उनकी बचत पर चपत लगाने की है। विपक्ष के अनुसार सरकार ने पश्चिम बंगाल-असम के मतदान वाले दिन नुकसान की आशंका से यू-टर्न लिया। दरअसल, मुद्दे पर संवेदनशील व्यवहार दिखाने की जरूरत है क्योंकि यह करोड़ों लोगों की जीविका-आकांक्षाओं से जुड़ा मुद्दा है। फैसले की वापसी पर जो दलील सरकार ने दी वह सहज गले से नहीं उतरती। कहीं न कहीं सरकार की ऐसा करने की मंशा तो थी। सेवानिवृत्त लोग जीवन भर की जमापूंजी को इन योजनाओं में निवेश करते हैं। उनका धन सुरक्षित रहता है और दूसरे बाजार के मुकाबले कुछ ज्यादा ब्याज मिल जाता है। संयुक्त परिवारों के बिखराव के बीच जब बच्चे जिम्मेदारी नहीं निभाते तो इन बचतों के जरिये ही वे जीवनयापन करते हैं। ये उनकी सामाजिक सुरक्षा का आधार हैं। वे इससे आत्मनिर्भर बने रह सकते हैं। सरकार का कदम उनकी उम्मीदों पर तुषारापात सरीखा था। वहीं मध्यम वर्ग का कहना है कि सरकार उन्हें निचोड़ने पर लगी है।

सरकार को विकसित देशों में छोटी बचतों पर कम ब्याज दर तो नजर आती है, लेकिन उन देशों में बुजुर्गों की सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं पर भी ध्यान देना चाहिए। ऐसे में जिन बचतों के जरिये बड़े तबके द्वारा गुजारा किया जाता है, उसे कम करना आक्रोश का मुद्दा बन सकता था। संभव है शेयर बाजार में रिटर्न ज्यादा मिल सकता है लेकिन हर कोई बाजार के उतार-चढ़ाव में अपनी जमा पूंजी दांव पर नहीं लगा सकता। ऐसे में बचत खातों, पीपीएफ, आरडी, टर्म डिपॉजिट, एन.एस.सी. तथा साठ साल से अधिक उम्र के लोगों की बचत योजनाओं पर ब्याज में कटौती करना अच्छा संदेश नहीं देता। फिर सरकार करोड़ों लोगों के निशाने पर आ जाती। यही वजह है कि लोगों के विरोध से बचने के लिये सरकार ने अपने कदम वापस खींच लिये। लोग छोटी बचत अपने मुश्किल वक्त के लिये रखते हैं ताकि उन्हें किसी के आगे हाथ न फैलाना पड़े। वह भी तब जब कोरोना संकट के कारण लोगों की आय घटी है और दूसरी लहर का संकट सामने है। पहले ही छोटी बचत के प्रति लोगों का आकर्षण कम हो रहा है। नोटबंदी के बाद लोगों को घर में रखी जमा पूंजी बैंकों में जमा करानी पड़ी थी, वहां भी ब्याज ठीक-ठाक न मिले तो वे कहां जायें ध्यान रहे कि 2008 की मंदी में छोटी बचतों ने सरकार का बेड़ा पार लगाया था।

आरबीआई मॉनिटरी पॉलिसी की घोषणा के बीच इंडियन इकोनॉमी को लेकर आईएमएफ ने दी खुशखबरी

नईदिल्ली। आज रिजर्व बैंक की तरफ से चालू कैलेंडर ईयर के लिए दूसरी मॉनिटरी पॉलिसी कमिटी के फैसलों की घोषणा की गई.आरबीआई गवर्नर ने कहा, वित्त वर्ष 2022 में जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 10.5 फीसदी पर बरकरार है. उनके मुताबिक, एफवाई22 में रियल जीडीपी ग्रोथ 10.5 फीसदी संभव है. इस बीच अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष की मुख्य अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ ने कहा है कि ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि भारत में आर्थिक गतिविधियां सामान्य होने लगी हैं. यह इंडियन इकोनॉमी के लिए राहत की खबर है. उल्लेखनीय है कि मुद्राकोष ने मंगवार को अपने एक अनुमान में भारत की आर्थिक वृद्धि में चालू वित्त वर्ष में इसके शानदार 12.5 फीसदी तक रहने का अनुमान लगाया है. यह दर चीन से भी ऊंची रहेगी. चीन एक मात्र ऐसी बड़ी अर्थव्यवस्था थी जिसने 2020 में वृद्धि दिखाई है. मुद्रा कोष और विश्व बैंक की ग्रीष्मकालीन वार्षिक बैठकों से पहले गीता गोपीनाथ ने कहा कि भारत के बारे में , 'पिछले दो एक महीनों से हमें जो प्रमाण मिल रहे

हैं उससे दिखता है कि आर्थिक गतिविधियां सामान्य हो रही हैं.'

मुद्राकोष ने अपनी वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक शीर्षक रपट में कहा है कि अगले वित्त वर्ष (2022-23) में भारत की आर्थिक वृद्धि 6.9 फीसदी रहेगी. कोविड19 महामारी से प्रभावित 2020-21 में भारतीय अर्थव्यवस्था में अनुमानित रूप से 8 फीसदी का रिकार्ड संकुचन हुआ है. गोपीनाथ ने एक सवाल के जवाब में कहा कि 'भारत के संबंध में हमने बहुत हल्का संशोधन किया है जो 2021-22 के लिए एक फीसदी है. मुद्राकोष से पहले चालू वित्त वर्ष में भारत के सकल घरेलू उत्पादन में 2020-21 की तुलना में 11.5 फीसदी की वृद्धि का अनुमान लगाया था.

इधर भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को कहा कि उसे उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में खुदरा मुद्रास्फीति 5.2 फीसदी पर रहेगी. रिजर्व बैंक ने मार्च में खत्म हुई तिमाही के दौरान मुद्रास्फीति के अनुमान को घटाकर पांच फीसदी कर दिया है. आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष की पहली नीतिगत समीक्षा की घोषणा करते हुए कहा कि प्रमुख मुद्रास्फीति फरवरी 2021 में पांच फीसदी के स्तर पर बनी रही, हालांकि कुछ कारक सहजता की ऊपरी सीमा को तोड़ने की चुनौती उत्पन्न कर रहे हैं.

कोविड-19 के कारण स्थगित किया गया आईडब्ल्यूएल

नईदिल्ली। कोविड-19 महामारी के कारण भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) को मंगलवार को स्थगित कर दिया गया। ओडिशा में लीग का आयोजन होने वाला था, हालांकि एआईएफएफ ने तारीखों की घोषणा नहीं की थी।

एआईएफएफ ने बयान में कहा, राज्य में कोविड-19 मामलों की बढ़ती संख्या और ओडिशा सरकार के कोविड -19 दिशानिर्देशों का पालन करने के साथ-साथ खिलाड़ियों और अधिकारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हीरो इंडियन विमेंस लीग, जिसका का आयोजन इस महीने के अंत में ओडिशा में होने वाला था को अगले नोटिस तक के लिए टाल दिया गया है।

बेंगलुरु एफसी के तीन सदस्य पाए गए कोरोना पॉजिटिव, सुनील छेत्री पर फिर मंडराया खतरा

नईदिल्ली । देशभर में बढ़ रहे कोरोना के मामलों का असर सभी जगहों पर दिख रहा है. आईपीएल के बाद इंडियन सुपर लीग की टीमें भी इसके असर से अछूती नहीं रही है. सुनील छेत्री की कप्तानी वाली बेंगलुरु एफसीके तीन सदस्य इस भयंकर बीमारी की चपेट में आ गए हैं. टीम ने सोशल मीडिया पर खुद इस बारे में जानकारी दी.

आईएसएल के सातवें सीजन के लिए गोवा में मौजूद थे, जहां सुनील छेत्री की टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था. उनकी टीम लीग स्टेज में सातवें स्थान पर रही और प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई. टीम को 20 मैचों में सिर्फ 5 में जीत मिली, जबकि 8 मैच में उसे हार झेलनी पड़ी. साथ ही 7 मैच ड्रॉभी रहे. छेत्री के लिए निजी तौर पर भी ये सीजन अच्छा नहीं रहा था और वह 20 मैचों में 8 गोल ही दाग सके थे.

बेंगलुरु एफसी ने ट्विटर पर लिखा, 'गोवा में बेंगलुरु एफसी के कैंप में हुए कोरोना टेस्ट में स्टाफ मेंबर और खिलाड़ियों को मिलाकर तीन लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं. बेंगलुरु एफसी पूरी तरह से सावधानी बरत रहा है और सभी जरूरी एहितियात बरत रहे हैं.' टीम ने उन खिलाड़ियों के नाम का खुलासा नहीं किया हैं जिन्हें कोरोना हुआ है.

विराट की टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के गेंदबाज डेनियल सैम्स कोरोना से संक्रमित

चेन्नई । आईपीएल 2021 के आगाज से पहले आरसीबी को बड़े झटके लग रहे हैं। दरअसल देवदत्त पडिक्कल के बाद अब टीम का एक और खिलाड़ी कोरोना पॉजिटिव पाया गया है।बता दें कि आरसीबी के डैनियल सैम्स को कोरोना पॉजिटिव पाया गया है, हालांकि उनमें वायरस के लक्षण नहीं नजर आए। सैम्स को फिलहाल उन्हें आइसोलेशन में भेज दिया गया ।

आरसीबी को 9 अप्रैल को उद्घाटन मैच में मुंबई इंडियंस से भिड़ंना है। मुकाबले से पहले

खिलाड़ियों का कोरोना पॉजिटिव होना बड़ा झटका माना जा रहा है। आरसीबी ने डैनियल सैम्स को लेकर ट्विटर पर जानकारी दी है कि सैम्स चेन्नई में जब 3 अप्रैल को टीम होटल पहुंचे थे, तब उनका कोरोना टेस्ट निगेटिव आया था उनके दूसरे टेस्ट की रिपोर्ट 7 अप्रैल को आई, जिसमें वह कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं।

डैनियल सैम्स अब आरसीबी के लिए शुरुआती मैच नहीं खेल सकेंगे। बता दें कि आईपीएल 2021 पर कोरोना वायरस का खतरा लगातार बढ़ रहा है क्योंकि खिलाड़ियों को कोरोना पॉजिटिव होने का सिलसिला जारी है। अब तक आईपीएल के पांच टीमों के खिलाड़ी कोरोना पॉजिटिव आ चुके हैं।

इससे पहले केकेआर के नीतिश राणा, दिल्ली कैपिटल्स के अक्षर पटेल भी कोरोना पॉजिटव आए हैं। वहीं मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपरकिंग्स टीम के एक - एक सदस्य के कोरोना पॉजिटिव होने की ख़बर रही हैं। बता दें कि खिलाड़ियों को लगातार कोरोना पॉजिटिव निकलने से फ्रेंचाइजी टीमों में भी खतरा बड़ा रहा है , यही नहीं आईपीएल 2021 के स्थगित होने पर भी संकट मंडरा रहा है।हालांकि बीसीसीआई ने अब तक यही कहा कि टूर्नामेंट का आयोजन निर्धारित कार्यक्रम के तहत ही होगा।

रोहित शर्मा समेत मुंबई के खिलाड़ियों की कोरोना रिपोर्ट आया निगेटिव, किरण मोरे के संक्रमित होने के बाद हुआ था टेस्ट

चेन्नई। आईपीएल 2021 की शुरुआत से पहले आ रही कोरोनावायरस संक्रमण की खबरों के बीच एक राहत की खबर भी आई है. चेन्नई में मौजूद मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा समेत सभी खिलाड़ियों का कोरोना टेस्ट नेगेटिव आया है. मुंबई इंडियंस के टैलेंट स्काउट और विकेटकीपिंग कोच और पूर्व भारतीय क्रिकेटर किरण मोरे मंगलवार को कोरोना संक्रमण की चपेट में आ गए थे, जिसके बाद से वह क्वारंटीन में हैं. इसके बाद मुंबई की पूरी टीम का कोरोना टेस्ट कराया गया, जिसमें सभी खिलाड़ियों की रिपोर्ट नेगेटिव आई और टीम फिर से अभ्यास शुरू करने की स्थिति में है.

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आईपीएल 2021 के लिए बनाए प्रोटोकॉल में ये अनिवार्य किया है कि बबल में रहते हुए अगर किसी टीम में कोरोना का कोई मामला आता है, तो सभी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ का टेस्ट कराया जाएगा.

इसका पालन करते हुए ही मुंबई ने किरण मोरे के संक्रमित होने के बाद सभी खिलाड़ियों का टेस्ट कराया जो नेगेटिव आया. जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को टीम ने अपना अभ्यास सत्र भी रद्द कर दिया था. अब इस अपडेट के बाद मुंबई के खिलाड़ी फिर मैदान में उतर सकेंगे.

वजन घटाने से लेकर चमकते चेहरे तक, एक कप चाय के हैं फायदे हजार

चाय सर्दी के मौसम में आपके दिन को ज्यादा सक्रिय बनाती है। 3000 से अधिक किस्मों के साथ एक कप चाय दुनिया भर में पानी के बाद सबसे अधिक पिया जाने वाला पेय है। भारतीय चाय के प्रति अपने लगाव के लिए जाने जाते हैं, और सर्दियों में यह कई लोगों के लिए एक आदत बन जाती है।

सफेद चाय : यह चाय का सबसे कम प्रोसेस किया जाने वाला स्वरूप है, जो कि शानदार स्वाद और खुशबू देता है। यह एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर होती है और यह कोलेस्ट्रोल एवं ब्लड प्रेशर को कम करने में मददगार है। इसमें कैफीन की मात्रा कम होने के चलते, जो लोग अपने कैफीन सेवन पर ध्यान देते हैं उनके लिए यह सर्वश्रेष्ठ विकल्प है।

ग्रीन टी : एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होने के कारण यह कोलेस्ट्रोल को कम करने और स्वस्थ कोशिकाओं तेजी से वृद्धि करने में मदद साबित होती है। इसमें चीनी मिलाकर इसका प्रयोग चेहरे की मृत कोशिकाओं को हटाने के लिए फेस स्क्रब के रूप में भी कर सकते हैं।

ब्लैक टी : यह चाय हृदय रोग

के खतरे को कम करती है और डायबिटीज के स्तर को घटाती है।

यह तैलीय त्वचा वाले लोगों के लिए आदर्श है, ब्लैक टी रोम छिद्रों में कसावट लाने, त्वचा में ताजगी लाने और आपके चेहरे पर एक प्राकृतिक एवं उज्ज्वल चमक लाने में मदद करती है।

रूइबोस/हर्बल टी : हर्बल टी में कैफीन नहीं होता और इसमें टैनिन कम होता है। इसमें कैंसर से लड़ने के गुण होते हैं और यह त्वचा की एलर्जी में भी लाभकारी होती है। एक प्राकृतिक सौम्य क्लीनर के रूप में इसका प्रयोग करने के लिए पहले चाय को उबाल कर ठंडा कर लें और फिर चेहरे पर लगाएं।

ओलोंग टी : ओलोंग टी एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है। यह कैल्शियम, मैग्नीज, पोटेशियम, कॉपर और सेलेसियम का भी प्रमुख स्रोत है। यह वजन को नियंत्रित करने और दांतों को खराब होने से रोकने में मददगार है।

आज का राशिफल

मेष : वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। जरा सी लापरवाही से अधिक हानि हो सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है।

वृषभ: पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। अनहोनी की आशंका रहेगी। शत्रुभय रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

मिथुन : प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। स्थायी संपत्ति खरीदने-बेचने की योजना बन सकती है। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं।

कर्क : लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यापार में अधिक लाभ होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

सिंह : पारिवारिक समस्याओं में इजाफा होगा। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। भागदौड़ रहेगी। दूर से बुरी खबर मिल सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें।

कन्या : पुराने किए गए प्रयासों का लाभ मिलना प्रारंभ होगा। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

तुला : दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। पराक्रम बढ़ेगा।

वृश्चिक : शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

धनु : यात्रा में सावधानी रखें। जल्दबाजी से हानि होगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

मकर : कोई बड़ी बाधा आ सकती है। राजभय रहेगा। जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

कुंभ : नई योजना बनेगी जिसका लाभ तुरंत नहीं मिलेगा। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शारीरिक कष्ट संभव है।

मीन : पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के काम बनेंगे। अध्यात्म में रुचि बढ़ेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। निवेश शुभ रहेगा।

हेरा फेरी 3 की स्क्रिप्ट हुई फाइनल, एक बार फिर अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल मचाएंगे धमाल

राज, श्याम और बाबूराव की फिल्म हेरा फेरी ने खूब धमाल मचाया था. इस फिल्म को अब तक कितनी ही बार देख लिया, लेकिन आज भी फिल्म के कुछ सीन्स देखकर आप अपनी हंसी नहीं रोक पाते. इसके बाद फिल्म के दूसरे पार्ट फिर हेरा फेरी भी हिट थी. अब आज हेरा फेरी की रिलीज को 21 साल हो गए हैं. इस खास मौके पर फिल्म के प्रोड्यूसर फिरोज नाडियाडवाला ने हेरा फेरी 3 को लेकर बड़ा अपडेट

दिया है. उन्होंने कम्फर्म किया है कि अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल के साथ तीसरी इंस्टॉलमेंट लेकर आ रहे हैं.

उन्होंने कहा, 'स्क्रिप्ट फाइनल हो गई है और जल्द ही इसकी ऑफिशयल अनाउंसमेंट की जाएगी. इस बार आइडिया सिर्फ हेरा फेरी 3 नहीं है बल्कि और हेरा फेरी भी है और हम उसका पूरा ख्याल रख रहे हैं.'

फिरोज ने कहा, 'हम इस बार स्क्रिप्ट को लेकर थोड़ा ज्यादा ध्यान दे रहे हैं. अब जब चीजें सही जगह पर बैठ गई हैं तो मैं यही कहूंगा कि बनेगी तब जब 2-3 हेरा फेरी साथ बनेगी.

पिंक ऑफशोल्डर गाउन में गजब की नजर आईं बाहुबली फेम तमन्ना भाटिया

बाहुबली फेम एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने एक बार फिर से अपनी अदाओं का तड़का लगाया है। इस बार वह पिंक ड्रेस में गजब नजर आई हैं जो आप देख सकते हैं। वैसे तमन्ना का हर लुक बेहतरीन होता है और वह अपने लुक से सभी को घायल करने में आगे हैं।

तमन्ना ने एक या दो बार नहीं बल्कि हर बार अपने हुस्न से लोगों को दीवाना बना डाला है। अब तक उनकी तस्वीरें हों या वीडियोज, सामने आने के साथ ही वायरल हो जाते हैं। वैसे तमन्ना लगातार अपने फैंस से कनेक्ट रहने के लिए सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं। इस बार भी उन्होंने इंस्टाग्राम पर नया फोटोशूट शेयर करके तहलका मचा दिया है। आप देख सकते हैं तमन्ना भाटिया ने इन तस्वीरों में पिंक कलर के हाईस्लिट गाउन में गॉर्जियस अंदाज में पोज दिए हैं।

अंडे को मसाले और अखरोट के साथ बनाएं

झटपट ऑमलेट की रेसिपी तो आप अपने किचन में बनाते आ ही रहे हैं, लेकिन इस बार अंडे को मसाले और अखरोट के साथ ट्विस्ट देकर देखें। यकीन मानें, इस डेडली कॉम्बो के स्वाद के आप भी दीवाने हो जाएंगे।

सामग्री :

6 अंडे, 1/2 कप बारीक कटे अखरोट, 2 बारीक कटा प्याज, 3 बारीक कटी हरी मिर्च, 1 टीस्पून बारीक कटा लहसुन, 1 टेबलस्पून बारीक कटा ताजा धनिया, नमक स्वादानुसार, 1/4 टीस्पून हल्दी पाउडर, 2 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर, 1 टीस्पून काली मिर्च पाउडर, जरा-सा तेल

विधि :

एक बोल में प्याज, लहसुन, हरी मिर्च, अखरोट, धनिया, नमक, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और काली मिर्च पाउडर डालकर मिलाएं। अब इसे 5 मिनट के लिए अलग रख दें। थोड़ी देर बाद इसमें अंडे डालें।

इसे फेंटें। पैन पर तेल डालें। अब लैडल से घोल को फैलाएं। दोनों ओर से सेकें।

बिना तेल के ऐसे बनाएं

अगर आप इसके कैलरी काउंट को घटाना चाहती हैं तो इसके घोल को नॉनस्टिक पैन पर फैलाएं। एक ओर से पक जाने पर ही पलटें। बिना तेल के बनाने से यह फ्लफी भी ज्यादा बनेगा।

शेफ टिप्स

ऊपर से टमैटो केचअप डालकर इस रेसिपी का लुत्फ उठाएं। एग्टेरियन और अंडे में एक्सपेरिमेंट करना पसंद करते हैं तो सब्जियों के साथ चीज़, चिकेन और हैम स्लाइसेज शामिल करें।

शब्द सामर्थ्य- 42

बाएं से दाएं

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 41 का हल

मा	म	ला	■	सि	वा	य	■	कि
लि	■	चा	ह	त	■	म	म	ता
क	सू	र	■	म	ग	न	■	ब
■	र	■	■	■	द	■	■	■
क	मा	न	■	पा	र	स	■	स
मी	■	म	जा	ल	■	न	क	ली
ना	दा	न	■	ना	र	द	■	का
■	मि	■	■	■	तौं	■	■	■
सु	नी	ल	■	अ	धी	र	■	जी

सू-दोकू- 42

	3		7				2	1
2				9		4		
	7		1				5	
		1		5		2		7
	5				4			
		4		1		8		5
					1			
1		5		3		9		
	2		6		5		1	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.41 का हल

8	9	5	1	6	3	2	4	7
3	2	1	9	7	4	8	6	5
4	7	6	2	5	8	3	9	1
7	6	9	5	2	1	4	3	8
1	8	3	4	9	7	6	5	2
2	5	4	8	3	6	1	7	9
5	3	8	7	4	2	9	1	6
6	1	7	3	8	9	5	2	4
9	4	2	6	1	5	7	8	3